26 .11.2025 आकाशवाणी, भोपाल 07.10AM

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

ऽ संविधान दिवस आज, देश भर में समारोह पूर्वक मनाया जाएगा।

ऽ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कानून व्यवस्था की समीक्षा की। रायसेन पुलिस अधीक्षक को हटाया।

ऽ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादवऔर केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरूगन आज उज्जैन में आकाशवाणी केन्द्र का शुभारंभ करेंगे।

संविधान दिवस

देशभर में आज संविधान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। केन्द्रीय कक्ष में आयोजित संविधान दिवस समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला और दोनो सदनों के सांसद उपस्थित रहेंगे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के नेतृत्व में संविधान की प्रस्तावना पढी जाएंगी। इसके अतिरिक्त संविधान का अनूदित संस्करण मलयालम, मराठी, नेपाली, पंजाबी, वोडो, कश्मीरी, तेलंगू, उडिया और असमिया सहित नौ भाषाओं में जारी किया जाएगा। इस अवसर पर एक स्मारक पुस्तिका भी जारी की जाएगी। इस वर्ष संविधान को अंगीकार करने के उपलक्ष्य में 76वां संविधान दिवस मनाया जा रहा है।

संविधान दिवस - प्रदेश

प्रदेश में भी संविधान के दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वही कटनी में इस अवसर पर जिले के सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वशासी संस्थाओं सहित ग्राम पंचायतों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयेजन किया जायेगा। इसके लिए राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किये हैं। वही आगरमालवा में संविधान की उद्देशिका का कलेक्टर कार्यालय में सुबह 11 बजे सामूहिक वाचन किया जाएगा। वही देश भर में चार यूथ (एकता) यात्राएं निकाली जा रही हैं। इनमें से नागपुर से निकलने वाली नर्मदा प्रवाह यात्रा यूनिटी मार्च इंदौर से होकर गुजरेगी। यह यात्रा इंदौर, धार, झाबुआ होते हुए गुजरात के गोधरा में प्रवेश करेगी।

## कानून व्यवस्था समीक्षा - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल रात पुलिस मुख्यालय पहुंचकर वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक कर कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर हुई आपराधिक घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए मंडीदीप में चक्का जाम पर पुलिस की कार्रवाई पर नाराज़गी ज़ाहिर की। उन्होंने रायसेन जिले के पुलिस अधीक्षक को हटाने के निर्देश दिए। साथ ही भोपाल के मिसरोद एवं टीला जमालपुरा के टीआई को भी लाइन हाजिर करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि किसी अपराधी को छोड़े नहीं, कठोर कार्रवाई करें। अपराधियों के प्रति ढिलाई किसी हालत में बर्दाश्त नहीं होगी।

## राष्ट्रीय दुग्ध दिवस

मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव राजन सिंह आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार प्रदान करेंगे। इस दौरान, पशुधन और डेयरी क्षेत्रों को मज़बूत बनाने के उद्देश्य से कई प्रमुख पहलों की शुरुआत की जाएगी। इनमें नस्ल गुणन फार्मों का उद्घाटन, भारत में पशु चिकित्सा अवसंरचना की न्यूनतम आवश्यकताओं के लिए दिशानिर्देशों और नीति नियोजन के लिए आंकड़े प्रदान करने वाले बुनियादी पशुपालन सांख्यिकी का शुभारंभ किया जाएगा।

## एसआईआर- प्रदेश

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में देशभर के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में मध्यप्रदेश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश संजीव कुमार झा के नेतृत्व में प्रदेश ने 72.72 प्रतिशत कार्य पूरा कर अब तक के आंकड़ों में देश में10 बड़े राज्यों में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

प्रदेश में कुल 5 करोड़ 74 लाख 6 हजार 143 गणना पत्रकों में से 4 करोड़ 18 लाख से अधिक पत्रकों का डिजिटाइजेशन सफलता पूर्वक पूरा किया गया है। यह उपलब्धि तकनीकी दक्षता, टीमवर्क और जिला स्तर तक सतत निगरानी का परिणाम है। मध्यप्रदेश में चल रहे एसआईआर कार्य को आम नागरिकों के लिए अधिक सुगम और पारदर्शी बनाने के लिए विभिन्न जिलों में शिविर, ऑनलाइन सुविधा और बूथ स्तर पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

आकाशवाणी - उज्जैन

अब मालवांचल की खबरें आपकी अपनी मालवी बोली में। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन और आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव जैन आज आकाशवाणी उज्जैन के नए केंद्र का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर के साथ ही श्रोता पहली बार मालवी भाषा में समाचार सुन सकेंगे, जो क्षेत्रीय भाषा और संस्कृति के संरक्षण को मजबूती देगा। मालवी समाचारों का प्रसारण 26 नवंबर से प्रतिदिन शाम 07 बजकर 20 मिनिट पर किया जाएगा। इसे श्रोता मीडियम वेव 188.32/1593 किलो हर्ट्ज पर और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल एप पर सुन सकेंगे। मालवांचल के लिए यह नई पहल आकाशवाणी की क्षेत्रीय पहुंच को और सशक्त बनाएगी। मालवी समाचार शाम 7 बजकर 20 मिनट पर प्रदेश के सभी आकाशवाणी केंद्रों से जरूर सुनें।

श्रम कानून प्रतिक्रिया- ग्वालियर

ग्वालियर के कर्मचारी ब्रज किशोर ने श्रम संहिता सुधारों का स्वागत किया है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक कदम बताया जिससे करोड़ों श्रमिक सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाये जा सकेंगे और देश के कार्यबल में क्रांतिकारी बदलाव होगा।

इफ्फी-लघु फिल्म

56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के एक सत्र में कल साईनाथ उस्कैकर निर्देशित लघु फिल्म माई डैड इनवेंटेड द वड़ापाव प्रदर्शित की गई।

यह फिल्म मुंबई के प्रसिद्ध स्ट्रीट फूड वड़ा पाव की कहानी को खूबसूरती से बयां करती है। वड़ा पाव नाश्ता सिर्फ खाने की चीज़ नहीं है, यह शहर की ऊर्जा और ताकत को दर्शाता है। यह कहानी उस नाश्ते के बारे में है जिसे सबसे पहले 1960 के दशक में अशोक वैद्य ने दादर स्टेशन के पास बनाया था और जो जल्द ही मुंबई की व्यस्त और मिश्रित संस्कृति के लिए एक आदर्श नाश्ता बन गया।

जल जीवन मिशन समीक्षा- अनुराग जैन

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कल मंत्रालय में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मिशन के कार्यो पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छ जल पहुंचाने के लक्ष्य को समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए। उन्होंने अब तक 80 लाख 52 हजार 82 घरों तक नल कनेक्शन दिए जाने के कार्य पर संतोष व्यक्त किया।

संगोष्ठी- मुख्यमंत्री

मप्र जन अभियान परिषद द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर भारतीय संविधान और नागरिक कर्तव्य पर राज्य स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव संगोष्ठी का शुभारंभ करेंगे। आयोजन स्टेट सेंटर भवन, संचालनालय सामाजिक न्याय एवं निशक्तःजन कल्याण भोपाल में संपन्न होगा।

एकता मार्च

युवा एवं खेल मामलों के मंत्रालय ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक राष्ट्रीय स्तर की पदयात्रा की घोषणा की है जो आज से 6 दिसंबर तक चलेगी। नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में, युवा एवं खेल मामलों के मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल 150 एकता मार्च एक अखंड राष्ट्र की धड़कन है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मार्च से पहले पूरे भारत में 842 पदयात्राओं में 10 लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया।

कुछ समाचार संक्षेप में ..

ऽ खण्डवा में प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह आज मांधाता, खण्डवा एवं पंधाना विधानसभा क्षेत्रों के विकास कार्यों का भूमिपूजन कर शुभारम्भ करेंगे।

ऽ भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कंन्वेशन हाल में आयोजित तीन दिवसीय 'आत्मनिर्भर पंचायत-समृद्ध मध्यप्रदेश' में पंचायत जन प्रतिनिधियों ने अर्बन कांसेप्ट पर रोड मैप तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

ऽ कटनी में 'विश्व एंटीबायोटिक जागरूकता सप्ताह' के अवसर पर जिला चिकित्सालय कटनी के सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा ने स्वास्थ्य सेवा से जुड़े संक्रमणों और एंटीबायोटिक प्रतिरोध के बढ़ते स्तर पर जानकारी दी है।

ऽ नर्मदापुरम जिले के सोहागपुर के जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय में स्वरोजगार, रोजगार और अप्रेंटिसशिप के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से "युवा संगम दृ रोजगार मेले" का आयोजन आज होगा।

ऽ जबलपुर जिले में प्रशासन द्वारा पराली जलाने पर सख्त प्रतिबंध लगाने और नरवाई प्रबंधन के लिए दो कंपनियों को तैनात किया है।

-------